नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर म.प्र.

वी.यू. अन्तर्गत पशुधन प्रक्षेत्र पर कोरोना को रोकने के व्यापक इंतजाम

जबलपुर (12/04/2020) नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान वि. वि. के माननीय कुलपति डॉ.एस.पी तिवारी जी के आदेशानुसार पशुधन प्रक्षेत्र अधारताल में कोरोना वायरस से बचाव हेतु निरंतर सावधानियां बरती जा रही है। डेयरी कर्मचारियों को डेयरी में प्रवेश से पहले मास्क, दस्ताने एवं हाथों में सेनेटाइजर लगा कर ही प्रवेश दिया जा रहा है जिससे संक्रमण न फैले। पशुधन प्रक्षेत्र में रहने वाले पशुओं के खाने के लिए पर्याप्त मात्रा में पशु आहार उपलब्ध है। प्रक्षेत्र में दुग्ध उत्पादन एवं विक्रय का कार्य सावधानी पूर्वक किया जा रहा है जिसके लिए काउंटर पशुधन प्रक्षेत्र के मुख्य द्वार के बाहर लगाया गया है एवं संक्रमण से बचने और सोशल डिसटेंसिंग बनाए रखने के लिए 6–6 फुट की दुरी पर सर्किल बनाए गए है एवं पशुधन प्रक्षेत्र में बाहर के व्यक्तियों के प्रवेश को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है। समय समय पर पशुधन प्रक्षेत्र में सेनेटाजइजेशन का कार्य निरंतर किया जा रहा है। प्रदेश व देश के पशु पालकों से यह अपील की गई है कि वे अपने डेयरी फार्म पर बतलाई गई सावधानियों को अमल में लाए जिससे गौ एवं पशुधन स्वस्थ रहे तथा उनसे निरंतर स्वच्छ दुग्ध उत्पादन बना रहे साथ ही फार्म पर कार्य रात श्रमिकों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों की सुरक्षा को एहतियात के तौर पर आत्मसात् किया जावे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
न.दे.प.चि.वि.वि, जबलपुर म. प्र.